कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

मधेपुरा – 852113

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

दिनांक :-.....24./..01...../2017

पत्रांक :-.................173

प्रेषकः

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

सेवा में,

श्री इन्द्रजीत रजक,
'कनीय अभियंता', प्रखण्ड–आलमनगर एवं चौसा,
बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा।

विषयः बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि आप लगातार कार्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। जिसके चलते प्रखण्ड आलमनगर एवं चौसा के असैनिक निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति एवं समांजन की जानकारी राज्य कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है, जो अत्यंत खेदजनक है। जबकि राज्य कार्यालय के पत्रांक–MGT/09/2006-07/8338 दिनांक–13.12.2016 के आलोक में शौचालय अन्तर्गत सभी अग्रिमों का समांजन दिनांक–21.01.2017 तक हर–हाल में पूर्ण कर लेना था। विगत पाँच माह से आलमनगर प्रखण्ड के असैनिक निर्माण से संबंधित कोई भी संचिका उपस्थापित नहीं हुई है। इस प्रकार स्पष्ट है कि आपके द्वारा अपने कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है।

अतः कार्यालय से बिना सूचना के अपनी अनुपस्थिति के बारे अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करें कि क्यों नहीं कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण आप पर विधि–सम्मत कार्रवाई की जाय? तथा अगले आदेश तक वेतन स्थगित किया जाता है।

अनुपस्थित अवधि (23/01/17 से 24/01/17) दो दिनों का वेतन घटाकर भुगतान किया जाय

विश्वासभाजन

24/01/17

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

ज्ञापांक–.....................173.............. मधेपुरा, दिनांक.....24/01/.../2017

प्रतिलिपि– प्रबंधन संभाग, बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा को आवश्यक सूचनार्थ एवं कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

24/01/17

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।